卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 124 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦9 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## नौ नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

### खालिस्तान समर्थित ईमेल से हड़कंप, सुरक्षा एजेंसियों ने चलाया सर्च ऑपरेशन

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह उस वक्त भारी अफरा-तफरी मच गई, जब



शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित नौ प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी भरे ईमेल सुबह करीब 8:30 से 9:00 बजे के बीच प्राप्त हुए, जिसके बाद स्कूल प्रशासन से लेकर सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड पर आ गईं।स्कूलों को भेजे गए इस डरावने ईमेल में विवादित और भड़काऊ बातें लिखी गई हैं। ईमेल में कहा गया है कि षदिल्ली खालिस्तान बनेगा, पंजाब खालिस्तान है, अफजल गुरु की याद मेंष जैसे ही ईमेल की सूचना मिली, संबंधित स्कूलों ने तत्काल (शेष पृष्ठ सात पर)

### पटना सिविल कोर्ट को भी उड़ाने की धमकी

पटना। पटना सिविल कोर्ट में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आधिकारिक ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। ईमेल में दावा किया गया कि कोर्ट परिसर में आरडीएक्स और आईईडी विस्फोटक लगाए गए हैं। इस सूचना के मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई और तत्काल प्रभाव से सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया।धमकी की सूचना मिलते ही सिविल कोर्ट परिसर को आनन-फानन में खाली कराया गया। न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं और वहां मौजूद वादकारियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। सुरक्षा की दृष्टि से कोर्ट के मुख्य द्वारों को (शेष पृष्ठ सात पर)

## हिमालय के विकास में 'इकोलॉजी' और 'इकोनॉमी' का समन्वय जरूरी: धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्व विद्यालय में महान विचारक और शिक्षाविद् डॉ. नित्यानंद जी के जन्मशताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. नित्यानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा समाज व शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डॉ. नित्यानंद जी हिमालय के बारे में बेहद गहरी और सूक्ष्म समझ रखते थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। सीएम ने कहा कि डॉ.



नित्यानंद ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाई, बल्कि उन्होंने हिमालयी क्षेत्रों के विकास और वहां के जनजीवन को बेहतर बनाने के लिए जो शोध कार्य किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचार और दर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा मार्गदर्शक का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर राज्य सरकार की विकास नीतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सरकार डॉ. नित्यानंद जी के विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तरा खंड के विकास (शेष पृष्ठ सात पर)

## मोहम्मद दीपक को खुलेआम जान से मारने की धमकी

### मारने वाले को दो लाख इनाम देने का ऐलान

कोटद्वार (उद संवाददाता)। बीती 26 जनवरी को दुकान के नाम को लेकर हुए विवाद के बाद देशभर की सुर्खियों में आए मोहम्मद दीपक एक बार फिर चर्चा में



हैं। इस बार उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से खुलेआम जान से मारने की धमकी दी गई है। वायरल हो रहे एक वीडियो में एक युवक स्पष्ट रूप से यह घोषणा करता नजर आ रहा है कि जो कोई भी मोहम्मद दीपक को मारेगा, उसे दो लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। चौंकाने वाली बात यह है कि धमकी देने वाला युवक वीडियो में हाथ में 500 रुपये के नोटों की गड्डियां भी दिखा रहा है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सोशल मीडिया पर इस धमकी भरे वीडियो के सामने आने के बाद मोहम्मद दीपक ने तत्काल कोटद्वार कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। अपनी तहरीर (शेष पृष्ठ सात पर)

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घरों के बुझे चिराग

### हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने ओवलोड डंपर को आग के हवाले किया

काशीपुर(उद संवाददाता)। महज 12 घंटों के भीतर अलग-अलग स्थानों पर घटित सड़क हादसों में वृद्ध समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों ही मामलों में आरोपी डंपर चालक मौके से फरार बताए जा रहे हैं। आज सुबह लगभग 8:00 कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम शिवनगर में 62 वर्षीय वृद्ध जयपाल सिंह पुत्र चरन सिंह को गांव के करीब आरबीएम(खनन) से ओवर लोड डंपर संख्या यूपी 21सीटी/ 6334 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से



कुचलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों को जैसे ही इसकी सूचना मिली उनमें भारी आक्रोश फैल गया। सैकड़ो की तादाद में एकत्रित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर जाम लगाकर एक डंपर को आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय चौकी पुलिस के संरक्षण में खनन से ओवरलोड डंपर सड़कों पर मौत की मानिंद फर्राटा भर रहे हैं जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके द्वारा कई बार प्रशासन को इस बारे में ताकीद किया गया लेकिन एंट्री के नाम पर मोटी रकम मिलने के कारण पुलिस दौड़ते डंपरों पर नकेल कसने में नाकाम साबित है। इसी का ताजा नतीजा है कि एक और व्यक्ति (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्लॉट देने के नाम पर ठगे सात लाख

### संपत्ति विवाद का एक और गंभीर मामला, आत्महत्या के कगार पर हारुन

काशीपुर। आईटीआई, कुंडा व काशीपुर थाना क्षेत्र में भू माफियाओं के कुछ ऐसे भी गैंग सक्रिय हैं जो संपत्ति के खरीद फरोख्त के नाम पर विशुद्ध रूप से धोखाधड़ी करने का काम कर रहे हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं जो धोखाधड़ी में कुख्यात हो चुके हैं। इन पर कई मामले दर्ज हैं लेकिन तमाम ऐसे हैं जिनकी गर्दन तक कानून के हाथ नहीं पहुंचे। फिलहाल किसान सुखवंत की मौत के बाद संपत्ति विवाद के एक के बाद एक गंभीर मामले प्रकाश में आ रहे हैं। ताजा मामला कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम सरवरखेड़ा का है। सिरसमा गोड़, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद हारुन पुत्र यासीन ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, कुमाऊं कमिश्नर एवं उधम सिंह नगर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को जरिए डाक शिकायती पत्र भेजकर उपरोक्त गांव निवासी प्रधान पति पर 7 लाख रुपए हड़प करने का गंभीर आरोप लगाया। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि रुपए वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पेशे से वह भूसी सप्लायर है। वर्ष 2016 में उसने ग्राम सरवरखेड़ा थाना कुंडा निवासी प्रधान पति अलीम से दोस्ताना ताल्लुकात होने के कारण मुरादाबाद रोड पर भारतिया रेस्टोरेंट के करीब 2000 स्क्वायर फीट प्लॉट का 700 रुपए प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से 14 लाख में सौदा किया। इसी वर्ष पहले मई में दो लाख, अगस्त में 3 लाख और अक्टूबर में 2 लाख कुल 7 लाख का भुगतान कर दिया। बकाया 7 लाख का भुगतान रजिस्ट्री पर देना करार हुआ। अगले वर्ष 2017 में रजिस्ट्री के नाम पर उसे जमीन में विवाद बताकर टाल दिया गया इसके बाद शिकायतकर्ता का आरोप है कि पहले नोटबंदी फिर कोरोना का बहाना बनाकर विक्रेता लगातार टाल मटोल करने लगा। हालिया पिछले दिनों जब शिकायतकर्ता ने एक बार फिर से अपनी दी हुई रकम वापस मांगी तो उसे आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना के बाद से शिकायतकर्ता एवं उसका परिवार (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बुलेट की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा के दरऊ चौराहे पर रविवार की रात एक तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किच्छा के वार्ड नंबर 2 निवासी गणेश गुप्ता पुत्र सुरेश कुमार गुप्ता अपनी चाय की दुकान बंद कर दरऊ रोड चौराहे पर साइकिल लेकर पैदल सड़क क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में गणेश गुप्ता और मोटरसाइकिल सवार पंकज



मंडल निवासी खेड़ा दोनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में दोनों को सरदार वल्लभ भाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गणेश गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मोटरसाइकिल सवार पंकज मंडल की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के पारिवारिक जन बदहवास स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अस्पताल परिसर में मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था, वहीं घायल के परिजन उन्हें लेकर तत्काल हायर सेंटर रवाना हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गणेश गुप्ता अपनी साइकिल को पैदल लेकर सड़क पार कर रहे थे, तभी अचानक मोटरसाइकिल सवार युवक उनसे(शेष पृष्ठ सात पर)

## एसडीएम कोर्ट में धरने पर बैठे विधायक सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उपजिलाधिकारी कोर्ट परिसर में लंबे समय से न्यायिक कार्य ठप रहने के विरोध में सोमवार को विधायक सुमित हृदयेश और पार्षद रवि जोशी ने धरना दिया। व्यवस्था से नाराज दोनों जनप्रतिनिधि कोर्ट परिसर के भीतर ही जमीन पर बैठकर अपना विरोध जताते नजर आए। विधायक और पार्षद के इस अचानक धरने से प्रशासनिक खेमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, पूर्व उपजिलाधिकारी राहुल शाह के स्थानांतरण के बाद से ही हल्द्वानी एसडीएम कोर्ट का संचालन नियमित रूप से नहीं हो पा रहा है। न्यायालय में किसी स्थाई अधिकारी की नियुक्ति न



होने के कारण न सिर्फ वकीलों का काम प्रभावित हो रहा है, बल्कि दूर-दराज से आने वाली आम जनता को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। न्यायिक कार्य बाधित होने से सैकड़ों मामलों की सुनवाई लंबित पड़ी है, जिससे वादकारियों की चिंता बढ़ती जा रही है।धरने के दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने मौके से ही कुमाऊं कमिश्नर और जिलाधिकारी वंदना सिंह से फोन पर वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों को हल्द्वानी कोर्ट के हालातों से अवगत कराते हुए कहा कि जनता के महत्वपूर्ण कार्य रुके हुए हैं, इसलिए हल्द्वानी में शीघ्र ही नए एसडीएम की तैनाती की जाए। विधायक के कड़े रुख को (शेष पृष्ठ सात पर)

## नानकमत्ता में प्रथम महिला कोतवाल ने संभाला कार्यभार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर जनपद की नानकमत्ता कोतवाली में पहली बार एक महिला पुलिस अधिकारी ने कमान संभाली है। नवनियुक्त निरीक्षक



मंजू पांडे ने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। नानकमत्ता थाने को कोतवाली का दर्जा मिलने के बाद यह पहला अवसर है जब किसी महिला अधिकारी को यहाँ का कोतवाल नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए मंजू पांडे ने अपनी कार्ययोजना और प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को नशे के चंगुल से बचाना और नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई करना उनकी सबसे पहली प्राथमिकता होगी। इसके (शेष पृष्ठ सात पर)


आवश्यकता है

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।

-:संपर्क करें:-

8433432291

# भारतीय संस्कृति बचाने के लिए हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान

किच्छा। सनातन धर्म प्रसार समिति के तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम में पहुंचे वक्ताओं ने सभी हिंदू समाज से जाति धर्म एवं ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाकर एक मंच पर आने का आह्वान किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत नगर के बरेली मार्ग स्थित खन्ना राइस मिल में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गजेंद्र सिंह संधू, आर्य समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रभात कुमार आर्य, महिला सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंशुल टंडन, समाजसेवी मदन मदान एवं कार्यक्रम संयोजक संजीव खन्ना ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सरदार गजेंद्र सिंह संधू ने कहा कि भारत देश में हिंदू समाज का उद्धार होगा, तभी देश का विकास होगा और अगर हिंदू कमजोर हुआ तो भारत भी कमजोर होगा, इसलिए हम सभी को भारत को कमजोर नहीं होने देना है, क्योंकि भारत कमजोर हुआ तो दुनिया नष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की एकमात्र ऐसी संस्कृति है, जो पूरे विश्व को बचाने तथा पूरे विश्व में शांति व प्रेमभाव की कामना कर संदेश देती है, जबकि बाकी सभी देश अपने-अपने देश को बचाने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि वसुदेव कुटुंबकम का नारा भारत में ही दिया जाता है। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश भर में हिंदू समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने हमेशा देश और समाज हित में कार्य किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की जनता को इतिहास के बारे में गलत किताबी ज्ञान दिया गया, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश बचाने और संस्कृति बचाने के लिए हिंदू समाज को एकजुट होना होगा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे प्रभात कुमार आर्य एवं श्रीमती अंशुल टंडन ने कहा कि वर्तमान में हमारे बच्चे सोशल मीडिया का अधिक उपयोग कर रहे हैं, जो कि किसी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने हिंदू समाज से प्रत्येक दिन अपने बच्चों के साथ करीब एक घंटा बिताने एवं उन्हें संस्कारवान बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम लोगों की लापरवाही के कारण लव जिहाद जैसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए हमें अपने बच्चों को जागरूक करने के साथ-साथ संस्कार देने होंगे। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजीव खन्ना ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आगामी 17 फरवरी एवं 22 फरवरी को भी किच्छा के अलग-अलग क्षेत्र में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन कर हिंदू समाज को जागरूक करने तथा एकजुट होने का आह्वान किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्री शैली फुटेला, लता सिंह, संजीव कुमार सिंह, सुरेश पपनेजा, विनोद फुटेला, बंटी पपनेजा, प्रेमलता चौहान, गीता राठौर, विवेक राय, सचिन चावला, दिनेश भाटिया, दया डसीला, श्रीकांत राठौर, मुकेश राठौर, प्रवीण रहेजा, बिन्नी खन्ना, संगीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की क्रिकेट टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे प्रदेश के खिलाड़ियों का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन को भी इस सफलता में उनके निरंतर प्रयासों और योगदान के लिए सराहा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने बेहतर टीमवर्क, अनुशासन



और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा खिलाड़ियों के लिए आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, ताकि प्रदेश के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री ने सेमीफाइनल मुकाबले के लिए टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उत्तराखंड की टीम सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में प्रवेश करेगी और राज्य का गौरव बढ़ाएगी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# कैबिनेट मंत्री के आश्वासन के बाद 37 दिन से जारी धरना किया स्थगित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। गांव राजनगर में प्रस्तावित मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर चल रहा लंबा आंदोलन आखिरकार 37 दिन बाद समाप्त हो गया। रविवार को बंगाली कल्याण समिति के नेतृत्व में चल रहे इस धरने को स्थगित करने की विधिवत घोषणा की गई। यह निर्णय कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित प्लांट को राजनगर से किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के ठोस आश्वासन के बाद लिया गया।धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने कहा कि गांव राजनगर की पांच एकड़ भूमि पर दुग्ध विकास विभाग द्वारा इस प्लांट का निर्माण प्रस्तावित था, जिसका ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देर से ही सही, लेकिन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस गंभीर जनसमस्या की संवेदनशीलता को समझा और सकारात्मक कदम उठाया, जिसके लिए पूरी समिति और क्षेत्र की जनता उनका आभार प्रकट करती है। समिति ने उम्मीद जताई कि सरकार भविष्य में भी जनहित और जनभावनाओं को ध्यान में रखकर ही निर्णय लेगी।इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा



कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति विकास का विरोधी नहीं है, लेकिन किसी गरीब की जमीन उजाड़कर या आबादी वाले क्षेत्र में ऐसी परियोजनाओं को थोपना उचित नहीं था। उन्होंने प्रभावित परिवारों के हितों की रक्षा के लिए प्लांट को स्थानांतरित करने के फैसले को सराहा। धरना समाप्त होने के अवसर पर पूर्व दर्जा मंत्री बलवंत बोरा, करन जंग, नवतेज पाल सिंह, डॉ. जगदीप सिंह, किशोर हालदार, शंकर चक्रवर्ती, समीर राय, शिवपद सरकार, ममता हालदार, सुव्रतन पाईक, अमित सरकार, विनय विश्वास, भवतोष आचार्य, सरस्वती बाला और सुमिंदर यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

# शक्तिफार्म में 'खनन-23' का भव्य प्रीमियर

## निर्माता संजय बाछाड़ ने अगले प्रोजेक्ट 'कालनेमि' की घोषणा की

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर स्थित स्वामी विवेकानंद बंग भवन में रविवार का दिन उत्तराखंड के सांस्कृतिक इतिहास के लिए बेहद खास रहा। यहाँ उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की धरती पर निर्मित पहली बांग्ला भाषा की टॉलीवुड फिल्म 'खनन 23' के विशेष निःशुल्क प्रीमियर शो का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस ऐतिहासिक अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री व सितारगंज विधायक सौरभ बहुगुणा ने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अब फिल्म निर्माण के लिए एक उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है और इस प्रकार के प्रयास क्षेत्रीय भाषा व संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाते हैं। दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि विभाजन के बाद बंगाली समाज ने जिन संघर्षों और चुनौतियों का सामना किया, उन विषयों पर और अधिक फिल्में बननी चाहिए ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों और संघर्षपूर्ण इतिहास से परिचित हो सके।फिल्म के निर्माता संजय बाछाड़ ने फिल्म की विषयवस्तु और इसके सामाजिक संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट 'कालनेमि' की घोषणा करते हुए बताया कि इसकी शूटिंग आगामी 17



अप्रैल से शुरू होगी। फिल्म के निर्देशक एवं लेखक प्रताप दत्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जानकारी दी कि 'खननख्र 23' को जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म के मुख्य अभिनेता विजय कुमार ने शूटिंग के दौरान के अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम के दौरान फिल्म की टीम द्वारा सभी अतिथियों का माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, जिला पंचायत सदस्य रविंद्र सिंह, बंग भवन समिति के अध्यक्ष देवु मंडल, उत्तर प्रदेश से आए विशेष अतिथि श्यामल राय, आर. एन. दास, श्यामल मंडल, रीता चटर्जी, सुभाष व्यापारी, तारक मंडल, मनोरंजन साना, केपी मंडल, गोविंद तालुकदार, रोबिन खान, विष्णु प्रमाणिक, शंकर गोलदार, दिलीप मिस्त्री, शिखा हालदार, रमाकांत आचार्य, भवतोष आचार्य सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का सफल संचालन सुमंत विश्वास, सब्यसाची हालदार एवं सोनिया मंडल द्वारा किया गया।

# सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिगमा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस द्वारा दिनेशपुर क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की प्रथम और द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। यह शिविर इकाई-प्रथम द्वारा हरि मंदिर और इकाई-द्वितीय द्वारा श्री गुरु चाँद विद्या मंदिर, दिनेशपुर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि बुधर सरकार (प्रवक्ता-भूगोल एवं उप-प्रधानाचार्य, देशबंधु इंटर कॉलेज, पिपलिया) द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के उपरांत स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बुधर सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में अनुशासन, नैतिक मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न रंगारंग




सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिनके माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध कड़ा संदेश प्रसारित किया गया। दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों के संयुक्त पर्यवेक्षण में स्वयंसेवकों ने 'स्वयं से पहले आप' के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस सात दिवसीय शिविर के माध्यम से छात्र स्थानीय क्षेत्र में स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के विभिन्न अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के केन्द्राध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, वरिष्ठ एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी चंदन सिंह राणा, इकाई कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, दीपिका नेगी सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# गूलरभोज के कोपा श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण कार्य का भव्य शिलान्यास

गूलरभोज (उद संवाददाता)। गूलरभोज के कोपा में श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य का नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। इस निर्माण कार्य पर कुल 78 लाख रुपए की लागत आएगी, जिससे श्मशान घाट को आधुनिक और सुविधा संपन्न बनाया जाएगा। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने कहा कि गूलरभोज क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की मूलभूत सुविधाओं और वर्षों पुरानी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर बलराम मंडल, इंदर सिंह राठौड़, मनोज देवराडी, भूपेंद्र आर्य, नरेश कुमार, गोविंद राजभर, चरण सिंह, ईश्वरी डोगरा, गोविंद सिंह, लखविंदर सिंह लक्खा सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे।



# पानी के भारी-भरकम बिलों पर बेहड़ ने जताई गहरी नाराजगी

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड संख्या 03 सिसई बंडिया में विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र की जनता अब किसी के बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो विकास की स्पष्ट सोच रखती है और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम करती है। बेहड़ ने विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि पूर्व विधायक को पूरे 10 वर्षों का लंबा समय मिला था लेकिन उस दौरान खासकर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों को केवल वोट बैंक समझकर गुमराह किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक के कार्यकाल में धरातल पर कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ, न सड़कें बनीं, न नालियां बनीं और न ही मूलभूत सुविधाओं पर गंभीरता से काम किया गया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि इसके विपरीत कांग्रेस सरकार के केवल 4 वर्षों के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्य आज जनता को साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं में जो सुधार हुआ है, वह कांग्रेस की नीतियों और अच्छी नियत का स्पष्ट प्रमाण है। सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। आम आदमी के विद्युत मीटर नहीं लगाए जा रहे हैं और लोगों को चार-चार गुना अधिक पानी के बिल भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना भ्रष्टाचार के आम आदमी का कोई काम नहीं हो रहा है और पूरे प्रदेश में लूट-खसूट मची हुई है। जमीनों की खरीद-फरोख्त में भी बड़े स्तर पर लूट हो रही है लेकिन प्रशासन में कोई सुनने वाला नहीं है। भाजपा नेताओं द्वारा एसआईआर के नाम पर भी जनता को डराने और भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अब जनता सच्चाई समझ चुकी है। बेहड़ ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे अभी से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। उन्होंने विशेष रूप से सिसई बंडिया क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि पानी के कनेक्शन के नाम पर गरीब और मेहनतकश लोगों पर भारी-भरकम बिल थोपे जा रहे हैं जो सरासर अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पानी के बिलों में राहत नहीं दी गई तो तहसील परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। विधायक ने भरोसा दिलाया कि सड़क, नाली, बिजली, पानी और साफ-साफ-सफाई से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा और जनता के सहयोग से किच्छा का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान विधायक ने क्षेत्रवासियों की जन समस्याएं भी सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को उनके निस्तारण हेतु निर्देशित करते हुए आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस रिजवान निक्की, निवर्तमान सभासद लियाकत अंसारी, राजेश प्रताप सिंह, गुलशन सिंधी, रामबाबू सिंह, दिलीप सिंह बिष्ट, मुर्तजा अंसारी, लियाकत अली, संतराम, जमालुद्दीन, महेन्द्र सिंह, इकबाल अली, सोहेल अंसारी, डॉक्टर असलम, फैज अंसारी, विनीत राव, राजू यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## एकल अभियान ने आयोजित की सत्संग भजन प्रतियोगिता

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। एकल अभियान के तहत मंदिर मझोला प्रांगण में सत्संग एवं भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा और अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आध्यात्मिक रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजन में विभिन्न गांवों की नौ टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनके बीच हुए कड़े मुकाबले के बाद अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने परिणामों की घोषणा की। प्रतियोगिता में झांकत की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उल्धन की टीम द्वितीय और बलखेड़ा की टीम तृतीय स्थान पर रही।विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए बताया गया कि यहाँ से चयनित टीमें अंचल स्तर और उसके बाद संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। अंतिम चरण की प्रतियोगिता वृंदावन या अयोध्या में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर ओमनारायण राणा, एकल अभियान की कार्यकर्ता सीमा राणा, सुष्मिता राणा, बबली राणा, शबनम राणा, पूजा जोशी और विभिन्न गांवों की आचार्या मौजूद रहीं।



## ईश्वर का स्मरण व भक्ति से मिलती है सफलता: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगौ (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि रोग, शोक, भय, चिंता, अशांति आदि के कारण खोज कर दूर करो तो उपाय निष्फल नहीं होंगे। सही दिशा में प्रयास, हृदय से परमात्मा का स्मरण, यथासंभव सभी की शुभकामनाओं व शुभाशीर्वाद कार्य के प्रति लगन, निष्ठा व उत्साह सफलता में सहायक होंगे। उन्होने परिवार, नगर,राष्ट्र व समाज में आपस में मिलजुल कर प्रेम, एकता व सद्भाव को बनाए रखने में बनाए रखने व बढ़ावा देने पर बल दिया।।उन्होंने कहा कि जीता हुआ मन तथा इंद्रियाँ मित्र तथा अनियंत्रित मन व इंद्रियाँ सबसे बड़े शत्रु है।संसार को जीतने वाला महावीर नहीं बल्कि मन व इंद्रियों को जीतने वाला महावीर है। मन बाधक भी है तथा साधक भी। इसे अपने आध्यात्मिक उन्नति के लिए साधक बनाएं। सुख-दुख भी मन की अनुभूति के विषय मात्र हैं। मन की अनुकूलता में सुख व प्रतिकूलता में दुख जीव अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा का स्मरण हृदय से करते हुए कर्म करें। सभी अपने अपने कर्तव्यों का पालन करें। इससे अधिकार प्राप्ति की लड़ाई समाप्त हो जाएगी। क्योंकि एक का कर्तव्य दूसरे का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु व गुरु पर पूर्ण विश्वास रखते हुए तथा अपना आत्मविश्वास बढ़ाते हुए पूर्ण लगन व निष्ठा से अपने अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। स्वयं को शक्ति संपन्न बनाने का प्रयास करें। अपनी शक्तियों को गलत खानपान, अनियमित, असंतुलित, अनियंत्रित दिनचर्या,चरित्र हीनता व कुपथ पर चलकर नष्ट ना करें।शांति का दुरुपयोग ना हो जाए इसलिए बल के साथ साथ बुद्धि व विवेक का भी इस्तेमाल करें। एकमात्र धर्म व अध्यात्म ही हमें हमारे पतन,समाज में आ रही बुराइयों व विकृतियों से बचा सकता है। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व "श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या" की जय जयकार से गूंज उठा। महाराज श्री के भजनों को सुनकर सभी झूम झूमकर नाचने लगे।



## 'उत्तराखंड बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026' का हल्द्वानी में भव्य आयोजन

### विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों और संस्थानों को सम्मान से नवाजा गया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रतिष्ठित होटल फॉर्च्यून वॉकवे मॉल में 'उत्तराखंड बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026' का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। प्रीत टेक द्वारा आयोजित इस समारोह में राज्य के विभिन्न जिलों से आए उन उद्यमियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सेवा, शिक्षा, आतिथ्य, स्वास्थ्य और रिटेल जैसे क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किए हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक और प्रीत टेक के निदेशक दिलप्रीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य के आर्थिक विकास में छोटे और बड़े व्यवसायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सम्मानित होने वालों में वानप्रस्थ रिसॉर्ट्स अल्मोड़ा से आलोक मिश्रा, वेलकमहोटल बाय प्ढ्ढ होटल्स जिम कॉर्बेट से मार्क निकोलस, इक ओंकार ग्लोबल एकेडमी उधम सिंह नगर से सुखविंदर सिंह, काठीपुरा काठीरोल्स उधम सिंह नगर से अरुण, द कबाना उधम सिंह नगर से वत्सल अग्रवाल, क्यू हेल्थ डायग्नोस्टिक्स देहरादून से डॉ. शशांक प्रतीक, अशोका बेयरिंग एंटरप्राइजेज उधम सिंह नगर से प्रियव्रत चितलांगिया, वीकेजे प्रोजेक्ट्स देहरादून से एम.एस. राणा और अपलिफ्ट फाइनेंशियल कंसल्टेंसी सर्विसेज हरिद्वार से अरुण चौधरी शामिल रहे।इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश, राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी भाजपा कौस्तुभानंद, राज्य मंत्री दिनेश आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा समीर आर्य, अध्यक्ष बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय डी.सी.एस. रावत, महासचिव हाई कोर्ट बार एसोसिएशन सौरभ अधिकारी और गन्ना मंत्री मंजीत सिंह राजू उपस्थित रहे।



## अरबी फारसी की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद अरबी फारसी की परीक्षा यहां परीक्षा केन्द्र मदरसा फैजुल मुस्तफा रजा पब्लिक स्कूल, खेड़ा में शांतिपूर्ण प्रारम्भ हुई। परीक्षा के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नन्दनी तोमर ने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। केन्द्र व्यवस्थापक सुनील खां ने बताया कि केन्द्र में कुल 53 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिनमें 10 संस्थागत तथा 43 व्यक्तिगत परीक्षार्थी शामिल थे। इनमें से कुल 43 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें कुल 10 छात्रों में 7 छात्र व कुल 43 छात्राओं मे 36 छात्रायें शामिल रहीं। उन्होंने बताया कि परीक्षा स्कूल के 3 कक्षों में आयोजित कराई गई। परीक्षा हाईस्कूल समकक्ष मुंशी व मौलवी व इंटरमीडिएट समकक्ष आलिम अरबी व आलिम फारसी की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें मुशी के 20 , मौलवी के 10 व आालिम अरबी के 9 व आलिम फारसी के 4 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में केन्द्र व्यवस्थापक सुनील खां सहित अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक आसिफ अहमद, परीक्षा प्रभारी मों. जीशान, अध्यापक सबा रूमाना, खदीजा, इमराना, मेहनाज़, निशा अन्सारी व सायबा आदि का सहयोग रहा।




क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक

पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


## जयकारों के साथ हरिद्वार रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बम बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़ियों का एक जत्था रूद्रपुर से हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। वार्ड नंबर 9 शिव नगर मुक्तिधाम श्मशान घाट के समीप स्थित मंदिर में तमाम कांवड़िए एकत्र हुए, जहां से वे पवित्र गंगा जल लाने के लिए प्रस्थान कर गए। ये कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल लेकर महाशिवरात्रि के अवसर पर लौटेंगे और विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने सभी कांवड़ियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व आने वाला है और इस पवित्र माह में लाखों श्रद्धालु आस्था के साथ हरिद्वार पहुंचकर गंगा जल लाते हैं। हरिद्वार जाने वाले कांवड़ यात्रियों में गौरव दास, विप्लव, पिंटू, काजल, काला दास, पूजा, चंदा, प्रतीक्षा, प्रशांत, रिया दास, आलोक, परितोष, रवि, आरती, पार्वती और अशोक शामिल रहे। इस अवसर पर कांवड़ियों का स्वागत करने वालों में पूर्व पार्षद मोहन भारद्वाज, कांग्रेस पूर्व महामंत्री उमा सरकार और नगर महामंत्री बेबी सिकदर मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक विरासत को मिल रहा संरक्षण: धामी

## मुख्यमंत्री ने की उत्तरायणी कौथिक महोत्सव में पारंपरिक हस्तशिल्प,जैविक उत्पादों एवं उत्तराखंडी व्यंजनों की सराहना








देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी परेड ग्राउंड में सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय उत्तरायणी कौथिक महोत्सव के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोक कलाकारों, साहित्यकारों, कला-प्रेमियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित जनता का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह महोत्सव उत्तराखंड की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोक संस्कृति को एक सूत्र में पिरोकर भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सेवा संकल्प फाउंडेशन, इसकी संस्थापक श्रीमती गीता धामी एवं समस्त आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन राज्य की पहचान को और अधिक सशक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से लोक कलाओं, पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प एवं कारीगरी को नजदीक से जानने और समझने का अवसर प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागर, बेड़ा, मांगल, खुदेड़, छोपाटी जैसे लोकगीतों तथा छोलिया, पांडव और झोड़ा-छपेली जैसे लोकनृत्य उत्तराखंड की सांस्कृतिक आत्मा हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चार दिवसीय आयोजन में लगे स्टॉलों के माध्यम से पारंपरिक हस्तशिल्प, जैविक उत्पादों एवं उत्तराखंडी व्यंजनों के सुंदर प्रदर्शन की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सांस्कृतिक परम्पराओं के संरक्षण के साथ-साथ 'वोकल फॉर लोकल', 'मेक इन इंडिया', 'मेड इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड सरकार द्वारा भी राज्य के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि 'एक जनपद, दो उत्पाद' योजना और 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जा रही है। इसके साथ ही स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, कीवी मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी पहलों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े चार वर्षों में उत्तराखंड ने अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पलायन निवारण आयोग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में रिवर्स पलायन में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। किसानों की आय बढ़ाने में उत्तराखंड ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में भी राज्य अग्रणी बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तराखंड को 'अचीवर्स' और स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर्स' की श्रेणी प्राप्त हुई है। सिंगल विंडो सिस्टम को 'टॉप अचीवर्स' श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 2023-24 में उत्तराखंड ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य खनन तत्परता सूचकांक में उत्तराखंड को श्रेणी-सी में देश में दूसरा स्थान मिला है। लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस में भी राज्य को अचीवर्स श्रेणी में स्थान मिला है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मिले पुरस्कार ने उत्तराखंड की निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन व्यवस्था को प्रमाणित किया है। पर्यटन क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को बेस्ट वाइल्ड लाइफ और बेस्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2024 में जाखोल, हर्षिल, गुंजी और सूपी गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया है। वर्ल्ड रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवार्ड में राज्य को 'वन टू वॉच' पुरस्कार मिला है। कृषि और मत्स्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में मत्स्य विकास के लिए उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। हाल ही में हैदराबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विमानन सम्मेलन में राज्य को 'बेस्ट स्टेट फॉर प्रोमोशन ऑफ एविएशन इकोसिस्टम' सम्मान से नवाजा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लोक कलाकारों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लोक कलाकारों की सत्यापित सूची तैयार कर कोरोना काल में लगभग 3,200 कलाकारों को प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी गई। 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध एवं अस्वस्थ लोक कलाकारों को पेंशन प्रदान की जा रही है। गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत लोक प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार लोक सांस्कृतिक लिपियों के प्रकाशन, आर्ट गैलरियों की स्थापना तथा साहित्य और संस्कृति के संरक्षण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। साहित्यकारों को सम्मान और ग्रंथ प्रकाशन हेतु अनुदान प्रदान किया जा रहा है तथा स्थानीय भाषाओं और बोलियों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सेवा संकल्प फाउंडेशन जैसी संस्थाएं भविष्य में भी उत्तराखंड की लोक संस्कृति और परंपराओं को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी। सेवा संकल्प फाउंडेशन की फाउंडर ट्रस्टी श्रीमती गीता धामी ने कहा कि बीते 4 दिनों से इस महोत्सव के माध्यम से उत्तराखंड की लोक संस्कृति को जीवंत रखने का कार्य किया गया है। इस महोत्सव में उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक उत्पाद, जीवनशैली को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा इस महोत्सव का शुभारंभ शंखनाद से हुआ था। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन सभी की मेहनत का फल है। श्रीमती गीता धामी ने कहा कि उत्तरायणी कौथिक में पूरे राज्य से लोग आए। यह मात्र संस्था का नहीं बल्कि पूरे राज्य का आयोजन है। जिसमें पूरे राज्य से लोगों ने प्रतिभाग किया है। हमने इस कौथिक के माध्यम से पूरे राज्य की संस्कृति एक मंच पर दिखाया। उन्होंने कहा युवा पीढ़ी को इतिहास से जोड़ते हुए उनका भविष्य बनाना है। उन्होंने कहा हमने अपने भविष्य को अपनी जड़ों से जोड़े रखना है। श्रीमती गीता धामी ने कहा कि आधुनिकता के साथ संस्कृति का संरक्षण भी बेहद जरूरी है। जब तक संस्कृति जीवित है, तब तक हमारी पहचान और सम्मान है। हमारी सनातन संस्कृति ही सबसे पुरातन संस्कृति है। हमें गर्व है कि हम उत्तराखंड और भारत के लोग हैं। उन्होंने सभी से उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की अधिक से अधिक खरीदारी करने की बात कही। उन्होंने कहा जिससे हम राज्य के अर्थव्यवस्था को बढ़ा सके और उत्तराखंड को आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाएं। श्रीमती गीता धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू हुआ, सख्त नकल विरोधी लागू कर हजारों लोगों को रोजगार दिया है। आज उत्तराखंड नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री पद्म भूषण भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, अध्यक्ष केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड पद्मश्री प्रसून जोशी, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, विधायक श्री खजान दास, विधायक दुर्गेश्वर लाल, विधायक अनिल नौटियाल, विधायक भोपाल राम टम्टा, विधायक सुरेश गढ़िया, सुरेश चौहान,अजेय कुमार, श्रीमती बिशना देवी, श्रीमती अपर्णा जोशी, डीजीपी दीपम सेठ, दायित्वधारी राज्य मंत्री हेमराज बजरंगी, श्रीमती मधु भट्ट, डॉ. गीता खन्ना, गीताराम गौड़, विश्वास डाबर, श्याम अग्रवाल, श्रीमती विनोद उनियाल, नेहा शर्मा, हरक सिंह, मुकेश कुमार, ज्योति गैरोला, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।












## सीएम धामी की पत्नी गीता धामी के छलके आंसू

देहरादून। देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित चार दिवसीय उत्तरायणी कौथिक महोत्सव2026 के समापन समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी ने जब मुख्यमंत्री के समर्पण की बात की, तो उनकी आंखें भर आईं। मंच से संबोधित करते हुए गीता धामी ने अपने पति के संघर्षों और प्रदेश के प्रति उनकी निष्ठा का जिक्र करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी का जीवन पूरी तरह उत्तराखंड की जनता को समर्पित है। गीता धामी ने रुंधे गले से कहा, मुख्यमंत्री बनने के बाद से उन्होंने (पुष्कर सिंह धामी) प्रदेश की सेवा के लिए आज तक एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है। उनके लिए परिवार से ऊपर उत्तराखंड का विकास और यहाँ के लोगों की खुशहाली है। उन्होंने सीएम धामी द्वारा राज्य हित में लिए गए कड़े निर्णयों और विकास कार्यों की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर



चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# गौमूत्र चिकित्सा के महानायक प्रदीप भंडारी को शासन से मिला सम्मान

## 'उत्तराखंड रत्न' देने की उठी मांग, 'रियल हीरो' अवार्ड का भी हुआ ऐलान,वैद्य भंडारी के 15 वर्षों के सेवा-तप का हुआ अभिनंदन

रामनगर(उद संवाददाता)। मानवता की सेवा और आयुर्वेद के प्राचीन विज्ञान को अपनी तपस्या से पुनर्जीवित करने वाले गौ मूत्र क्रांति के प्रणेता मशहूर वैद्य प्रदीप भंडारी के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। पवलगढ़ स्थित संस्थान में आयोजित एक भव्य एवं गरिमामयी समारोह के बीच, शासन के उच्च अधिकारियों, राजनेताओं और सामाजिक हस्तियों ने चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान को न केवल सराहा, बल्कि उन्हें सरकारी और संस्थागत सम्मानों से भी नवाजा। कार्यक्रम में वैद्य प्रदीप भंडारी को उत्तराखण्ड रत्न पुरस्कार देने की मांग भी पुरजोर ढंग से उठी।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वह पल रहा जब उत्तराखंड शासन के सचिव एवं नैनीताल के पूर्व जिलाधिकारी आईएएस दीपेंद्र चौधरी ने मंच पर वैद्य प्रदीप भंडारी को सरकार के आयुर्वेद एवं आयुर्वेद चिकित्सा विभाग की ओर से जारी आधिकारिक प्रशस्ति पत्र भेंट किया। यह सम्मान वैद्य प्रदीप भंडारी द्वारा हजारों असाध्य रोगियों को नया जीवन देने के उनके निस्वार्थ प्रयासों पर दिया गया। इसी मंच से प्राईड ऑफ देवभूमि संस्था ने भी बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि अगले माह देहरादून में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में वैद्य प्रदीप भंडारी को रियल हीरो ऑफ देवभूमि अवार्ड से अलंकृत किया जाएगा।सम्मान का सिलसिला यहीं नहीं थमा। मुरादाबाद से आए रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने वैद्य जी की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 'वोकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025' से सम्मानित किया। भाजपा की प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने भी उन्हें प्रशस्ति पत्र सौंपकर अभिनंदन किया। इसके साथ ही बंगाली महासभा और दिल्ली-उत्तर प्रदेश से आए तमाम सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंच पर वैद्य प्रदीप भंडारी को सम्मानित किया और उनके कार्यों की हृदय से सराहना की।समारोह में मौजूद वक्ताओं ने वैद्य जी की असाधारण सेवाओं को देखते हुए उन्हें राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'उत्तराखंड रत्न' से नवाजे जाने की पुरजोर वकालत की। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा और सचिव दीपेंद्र चौधरी ने सार्वजनिक रूप से आश्वासन दिया कि वे इस जनभावना और मांग को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक प्रमुखता से पहुंचाएंगे। गुंजन सुखीजा ने तो यहाँ तक कहा कि जो कार्य वैद्य जी कर रहे हैं, उसके लिए वे भारत रत्न जैसे सम्मान के भी पात्र हैं।आईएएस दीपेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा मेरा सौभाग्य है कि मैं पिछले सात-आठ साल से इस गौ मूत्र क्रांति परिवार से जुड़ा हूं। जब मैं पहली बार यहाँ आया था, तो



एक जिज्ञासा थी कि बिना किसी बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के यहाँ असाध्य बीमारियां कैसे ठीक हो रही हैं? मैंने यहाँ आने वाले मरीजों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अनुभव सुने, तब मुझे आयुर्वेद की उस प्राचीन शक्ति पर अटूट विश्वास हुआ। उन्होंने आगे कहा कि आज हम यहाँ केवल एक अभिनंदन के लिए नहीं, बल्कि उस प्राचीन ज्ञान के सम्मान के लिए एकत्र हुए हैं जिसे वैद्य भंडारी ने जीवित रखा है। उन्होंने भविष्य में भी इस अभियान को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।भाजपा की प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने संबोधन में कहा कि वैद्य प्रदीप भंडारी ने गौ मूत्र क्रांति के माध्यम से न केवल भारत बल्कि वैश्विक स्तर पर सनातन संस्कृति और प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति का परचम लहराया है। उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा कि भंडारी जी की सेवाएं इतनी महान हैं कि उन्हें उत्तराखंड रत्न ही नहीं, अपितु भारत रत्न से भी नवाजा जाना चाहिए। उन्होंने और सचिव दीपेंद्र चौधरी ने मंच से यह विश्वास दिलाया कि इस जनभावना और मांग को वे स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक पहुंचाएंगे ताकि सरकारी स्तर पर भी उनके कार्यों को उचित स्थान मिले।समारोह के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए वैद्य प्रदीप भंडारी ने बड़ी विनम्रता के साथ कहा इस सम्मान के वास्तविक हकदार वे ऋषि-मुनि और गुरुजन हैं, जिनकी विद्या को मैं बस जन-जन तक पहुँचाने का एक माध्यम बना हूँ। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज उन सहयोगियों को सम्मानित करना मेरा लक्ष्य था जिन्होंने न केवल खुद को स्वस्थ किया, बल्कि दूसरों को भी इस मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने समाज को चेताते हुए कहा कि आज की दूषित जीवनशैली हमें विनाश की ओर ले जा रही है, ऐसे में आयुर्वेद की ओर लौटना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। उन्होंने जोर देकर कहा गौ मूत्र और जड़ी-बूटियों में ब्रह्मांड की शक्ति समाहित है, बस जरूरत है पूर्ण विश्वास की। यदि आपने चिकित्सा पर भरोसा कर लिया, तो समझो आपने बीमारी से आधी जंग जीत ली।समारोह में गौ मूत्र क्रांति परिवार से जुड़े उन सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया जो इस सेवा कार्य को जन-जन तक पहुँचाने में अपना योगदान दे रहे हैं।इससे पूर्व कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत छोलिया नृत्य के साथ किया गया। इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर (शुगरकेन) चन्द्र सिंह इमलाल, रामनगर एसडीएम प्रमोद कुमार, कालाढूंगी एसडीएम भूपेन्द्र पंत, पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, बंगाली महासभा के अध्यक्ष राजकुमार साहा,दया किशन बधानी, शंभू दत्त भट्, मीनाक्षी गुरूरानी, प्रियांशु गुरूरानी, डा. अक्षय गुरूरानी, अमन बाली, मनोहर करजोला, रमेश बधानी, माहित भटट, इंतजार हुसैन, भारत राय, दीप छिम्वाल, पूरन छिम्वाल, ज्योति सलवान, सुनील वर्मा , पलविंदर सिंह, मनप्रीत कौर, सरदार सिंह,वाईएस पांगती, संदीप दीक्षित, अभिषेक वर्मा, योगिता अग्रवाल, जीतू अरारा, नेहा पुजारा, ममता सलूजा, देवकी देवी, हरीश वर्मा,पुष्पा डंगवाल,विकास गाबा, शालू ठाकुर, नितिन अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, रजत ,अशोक शर्मा, जेपी पाठक, सुमन वयास, अखिलेश प्रकाश, सुनील कुमार शर्मा, डा. अनिल शर्मा, रागिनी शर्मा, बीना शर्मा केदार सिंह पांगती, ओम गिरिरी महाराज,दीवान सिंह बिष्ट श्याम सिंह बिष्ट, मनोहर सिंह, अभिषेक सक्सेना, सत्येनद्र गौड़ खेम सिंह, हरीश त्रिपाठी, नीरज बिष्ट, मनोज जोशी, लाल सिंह धामी, दीपिका, धीर जोशी, रेखा बधानी, पीसी तिवारी, दीपा देवी, राजेनद्र कुमार, रमेश बधानी, गीता बिश्ट, पूरन कश्यप, गिरीश भट्ट, प्रकाश आर्य, भुवन सती, केसी सती, शेखर सती, प्रकाश काण्डपाल, मुकुल काण्डपाल, हरीश काण्डलपा, हरीश नेगी, प्रकाश नैनवाल, माधव सिंह बिष्ट आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।









# यूजीसी के समर्थन में निकाली रैली

रुद्रपुर।डॉ. भीमराव अम्बेडकर युवा मंच के नेतृत्व में रविवार को सैकड़ों लोगों ने यूजीसी के समर्थन में विशाल रैली निकाली। रैली में शामिल लोगों ने यूजीसी समर्थन में जोरदार नारेबाजी भी की। इससे पूर्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में रविवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर युवा मंच की ओर से संयोजक दीपक कुमार सागर के नेतृत्व में यूजीसी के समर्थन में जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने यूजीसी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए इसके समर्थन में एकजुटता व्यक्त की।जनसभा के उपरांत यूजीसी के समर्थन में एक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। रैली डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी, काशीपुर रोड, इन्द्रा चौक, नैनीताल रोड, डीडी चौक और अग्रसेन चौक से गुजरती हुई पुन: डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने यूजीसी के समर्थन में नारे लगाए और संगठन के प्रति अपना समर्थन जताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।




# वायरल वीडियो पर कार्रवाई,तमंचे सहित दबोचा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध असलहों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रुद्रपुर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध हथियारों के प्रदर्शन और तस्करी पर सख्त रुख अपनाने के निर्देशों के क्रम में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो का तत्काल संज्ञान लिया और आरोपी की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान



संजय कोहली पुत्र कल्लू राम, निवासी वार्ड नंबर 21, रमपुरा, रुद्रपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ कोतवाली रुद्रपुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले और अवैध हथियारों का शौक रखने वालों के खिलाफ इस प्रकार की कड़ी कार्रवाई आगे भीजारी रहेगी। आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है।

# होली चाइल्ड स्कूल में किड्सवेंचर स्पोर्ट्स फिएस्टा की धूम

रूद्रपुर । होली चाइल्ड स्कूल में किंडरगार्टेन विंग के लिए किड्सवेंचर स्पोर्ट्स फिएस्टा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों और अभिभावकों के लिए आयोजित विभिन्न प्रकार की मनोरंजक खेल गतिविधियाँ थीं। खेल के दौरान बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों और उनके अभिभावकों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों व अभिभावकों को इस दिन को यादगार बनाने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर. के. बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप- प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी एवं मंजू अधिकारी ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम की सफलता पर सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं और समस्त सहयोगी स्टाफ की सराहना करते हुएउत्साहवर्धन किया।







## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# व्यापार समझौते पर सहमति

पिछले करीब एक वर्ष से गहन विचार-विमर्श के बाद भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर आखिरकार द्विपक्षीय सहमति बन गई है। दोनों देशों की ओर से शनिवार को इसका एलान किया गया। समझौते के नियम-शर्तों के तहत अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को घटाकर अठारह फीसद करेगा। वहीं, भारत की ओर से अमेरिका की सभी औद्योगिक वस्तुओं और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा।निश्चित रूप से यह समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा, लेकिन नफा-नुकसान का पलड़ा किस ओर भारी रहेगा, इसको लेकर अलग-अलग विश्लेषण सामने आए हैं। ऐसे में कुछ आशंकाएं और सवाल भी उठ रहे हैं कि इस समझौते को आकार देने में अड़चन कहां थी और अब ऐसा क्या हुआ कि दोनों पक्ष इसके लिए राजी हो गए। हालांकि, इस मामले में भारतीय सत्तापक्ष की ओर से स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की गई है, लेकिन विपक्ष इससे सहमत नहीं है।भारत और अमेरिका ने पिछले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित व्यापार समझौते पर पहले चरण की बातचीत शुरू की थी। कई दौर की वार्ता के बाद भी दोनों पक्षों के बीच कुछ मसलों पर आम सहमति नहीं बन पाई, जिनमें भारतीय कृषि और डेयरी बाजार में अमेरिका की पहुंच को विस्तार देने का मुद्दा भी शामिल था। दरअसल, अमेरिका शुरू से यह मांग करता रहा है कि भारतीय कृषि एवं डेयरी बाजार को उसके लिए पूरी तरह खोल दिया जाए। जबकि भारत इस मांग को खारिज करता रहा है। अब इस समझौते की जिस रूपरेखा पर सहमति बनी है, उसके मुताबिक अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर भारत आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इससे प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है कि भारत ने इस मसले पर उदार रुख अपनाकर अपने कदम आगे बढ़ाए हैं। माना जा रहा है कि समझौते के लागू होने से भारतीय बाजार में अमेरिका के कृषि उत्पादों की आवक बढ़ेगी, जिसका असर देश के किसानों पर पड़ सकता है। हालांकि, सरकार का दावा है कि देश के किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं और इस समझौते से उन्हें भी लाभ होगा। व्यापार समझौते की शर्तों में यह बात भी शामिल है कि भारत अगले पांच वर्ष में 500 अरब डालर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान एवं उसके कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोयला खरीदेगा। साथ ही रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल खरीद बंद करनी होगी। यानी समझौते का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत इन शर्तों को पूरा कर पाता है या नहीं। इसमें दोराय नहीं कि भारतीय वस्तुओं का निर्यात, जो अमेरिकी शुल्क की वजह से प्रभावित हुआ था, वह फिर से पटरी लौट आएगा। सरकार का कहना है कि इससे तीस हजार अरब अमेरिकी डालर का बाजार खुलेगा, जो भारतीय निर्यात को नई दिशा देगा। सवाल है कि क्या अमेरिका से आयात और निर्यात के बीच संतुलन का ध्यान रखा गया है? विपक्ष का आरोप है कि इस समझौते से भारत के मुकाबले अमेरिका को ज्यादा फायदा होगा।

# जर्जर विद्युत पोलों और गंदगी के खिलाफ खोला मोर्चा

## देवभूमि व्यापार मंडल ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

किच्छा (उद संवाददाता)। देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री नितिन फुटेला और व्यापारी नेता अमन मदान के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) से मुलाकात कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने नगर के मुख्य बाजारों और वार्डों में स्थित जर्जर व क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को तत्काल हटाने तथा नगर की चरमराई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की पुरजोर मांग उठाई। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया कि नगर के विभिन्न वार्डों और व्यस्त बाजार क्षेत्रों में कई विद्युत पोल बेहद पुराने और जर्जर हो चुके हैं। ये पोल कभी भी गिर सकते हैं, जिससे जान-माल की बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से बरसात और तेज हवाओं के दौरान इन खंभों के गिरने का खतरा और भी बढ़ जाता है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर लगी है। महामंत्री नितिन फुटेला ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि



उनके प्रतिष्ठान के सामने और नगर के कई अन्य पोलों पर सीलन या बारिश के समय हल्का करंट महसूस किया जाता है, जो किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा है। व्यापारियों ने मांग की कि इन सभी पोलों की विद्युत लाइनों की सघन जांच कर करंट की समस्या को तुरंत समाप्त किया जाए। ज्ञापन में नगर की सफाई व्यवस्था पर भी गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। व्यापारियों ने कहा कि प्रमुख मार्गों और आवासीय क्षेत्रों में नियमित सफाई न होने के कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लग रहे हैं, जिससे व्यापारियों और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देवभूमि व्यापार मंडल ने मांग की कि सफाई कर्मचारियों की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए और कूड़ा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए ताकि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इन जनसमस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो व्यापार मंडल उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा। अधिशासी अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि जल्द ही जर्जर पोलों का सर्वे कराकर विद्युत विभाग के समन्वय से आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए भी कड़े निर्देश जारी करने की बात कही।

# पति के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

काशीपुर। चार बच्चों की मां ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर पति पर उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर इस्लामनगर थाना कुंडा निवासी यासमीन पत्नी असलम ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं। पिछले तीन वर्ष के करीब से पति जीवन यापन के लिए उसे कोई खर्च आदि नहीं देता। महिला ने पुलिस को बताया कि भरण पोषण के लिए पैसे मांगने पर पति द्वारा उसे तथा उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसके अलावा फोन पर उसे गंदी-गंदी गालियां दी जाती है। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए महिला ने पुलिस को बताया कि बीते 25 दिसंबर को घर जाकर उसके पति द्वारा उसकी बुरी तरह पिटाई की गई। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# शादी को न मानी तो युवती को अगवा कर किया पत्थरों से हमला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां युवक द्वारा शादी का दबाव बनाने के लिए युवती को जबरन अगवा कर गौला नदी की ओर ले जाने और विरोध करने पर उस पर पत्थरों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, जवाहर नगर, वनभूलपुरा निवासी एक युवक लंबे समय से क्षेत्र की ही रहने वाली युवती को परेशान कर रहा था। युवती की दादी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि आरोपी युवती का पीछा करता था और उस पर शादी करने का दबाव बनाता था। इस दौरान वह अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ भी करता था। दादी के अनुसार बीते शनिवार को उनकी पोती घर से दुकान सामान लेने निकली थी। इसी दौरान आरोपी ने उसका पीछा किया और जबरन उसे गौला नदी की ओर ले गया। वहां उसने शादी के लिए दबाव बनाया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसके सिर पर पत्थरों से वार कर दिया। घायल अवस्था में युवती किसी तरह जान बचाकर घर पहुंची। परिजनों ने युवती को तुरंत बेस अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसका इलाज कराया गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़, अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वनभूलपुरा थानाध्यक्ष डीएस फर्त्याल ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किच्छा चीनी मिल ने 15 जनवरी तक गन्ना मूल्य भुगतान किया

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा चीनी मिल ने क्षेत्र के गन्ना किसानों को बड़ी राहत देते हुए 15 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने के मूल्य का पूर्ण भुगतान कर दिया है। मिल प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, प्रदेश के मुख्यमंत्री और गन्ना मंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए किसानों के बकाया भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। अधिशासी निदेशक श्री ए.पी. बाजपेयी ने बताया कि 8 जनवरी से 15 जनवरी 2026 के बीच खरीदे गए गन्ने का कुल 10 करोड़ 23 लाख 72 हजार 972 रुपये का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से संबंधित समितियों को भेज दिया गया है।भुगतान के विस्तृत विवरण के अनुसार, सहकारी गन्ना विकास समिति किच्छा को सर्वाधिक 7.73 करोड़ रुपये, हल्द्वानी समिति को 1.15 करोड़ रुपये, पंतनगर समिति को 94.87 लाख रुपये और सितारगंज समिति को 39.88 लाख रुपये जारी किए गए हैं। श्री बाजपेयी ने बताया



कि वर्तमान पेराई सत्र (16 नवंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक) का अब तक कुल 74.72 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के खातों में पहुंचाया जा चुका है, जिससे हजारों किसान परिवारों को समय पर आर्थिक लाभ मिला है।चीनी मिल की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए उन्होंने जानकारी दी कि मिल द्वारा अब तक कुल 26.32 लाख कुंतल गन्ने की पेराई सफलतापूर्वक की जा चुकी है। मिल ने 9.88 प्रतिशत 'टू-डेट' चीनी परता (रिकवरी) प्राप्त करते हुए कुल 2 लाख 56 हजार 390 कुंतल चीनी का उत्पादन किया है। अधिशासी निदेशक ने गन्ना कृषकों से विशेष अपील की है कि वे मिल की कार्यक्षमता और चीनी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए केवल साफ-सुथरा, ताजा और पत्ती रहित गन्ना ही मिल में लाएं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे समिति से एसएमएस के माध्यम से पर्ची प्राप्त होने के उपरांत ही गन्ने की छिलाई शुरू करें, ताकि गन्ने की ताजगी और वजन दोनों बरकरार रहें।

# बहुउद्देशीय शिविर का किया आयोजन

सितारगंज। नगर पालिका प्रशासन की तरफ से श्री रामलीला ग्राउंड में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। शिविर में जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, सड़क, नाली निर्माण के अलावा संबंधित विभागों से जुड़ी समस्याएं भी आईं। जिनका मौके पर समाधान किया गया। शिविर में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मुख्य अतिथि रहे। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, चेयरमैन सुखदेव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल ने छात्राओं को चेक भी वितरित किए। सोमवार को श्री रामलीला ग्राउंड में नगर पालिका प्रशासन की तरफ से जन जन की सरकार, जन जन के द्वार के उद्देश्य से बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें राजस्व बिजली, पूर्ति विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग, सिंचाई विभाग आदि के स्टाल लगाए गए थे। शिविर में दोपहर तक करीब 25 फरियादियों ने आवेदन पंजीकृत कराया। इस मौके पर चेयरमैन सुखदेव सिंह, हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, सभासद एवं ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी, नगर पालिका की अधिशासी अधि



कारी, प्रतिभा कोहली, जिला पंचायत सदस्य सूरज नारायण, उद्यान अधिकारी नेहा यादव, सभासद सतीश उपाध्याय, नाजरीन अंसारी, मो. इस्माइल, रिहान अंसारी, चंदन श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, नेहा वाल्मीकि, कंचन आर्या, रितु गहतोड़ी, शिवपाल सिंह चौहान, शबीहा नाज, सचिन गंगवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल, महामंत्री अमित रस्तोगी, आदेश ठाकुर, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष शाहनवाज, भाजपा नेता तस्लीम अंसारी, मुकर्रम अली, सरताज सैफी, भोला जोशी, पूर्व अध्यक्ष राकेश त्यागी, पंकज गहतोड़ी, आदेश ठाकुर, अभिषेक जैन, सतेंद्र दिवाकर आदि मौजूद थे।

# पूर्व प्रधानाचार्य एवं पत्रकार रघुवंशी का निधन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ पत्रकार युगराज सिंह रघुवंशी का आज प्रातः एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही तमाम शैक्षिक, साहित्यिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक और मीडिया जगत से जुड़े लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर गहरा दुख जताया। स्वर्गीय रघुवंशी ने स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में लंबे अरसे तक प्रधानाचार्य के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की। सेवा निवृत होने के पश्चात वह सामाजिक, धार्मिक और साहित्यिक कार्यों में जुड़ गए। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में भी वह अपनी कुशल लेखनी के जरिए जन समस्याओं को उजागर करने लगे। उनकी कई रचनाएं पत्र पत्रिकाओं में भी प्रकाशित हुईं। वह समाज में होने वाले हर कार्यों में सक्रियता से बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। लेकिन उनको सबसे



बड़ा झटका उन्हें तब लगा कि जब कुछ समय पूर्व उनके इकलौते युवा पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया। उसके पश्चात से वह शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद टूट गए थे और पिछले कई दिनों से शहर के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। जहां आज प्रातः उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार पता ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विधायक तिलक राज बेहड, मेयर विकास शर्मा, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, गुरमीत सिंह सहित राजकुमार फुटेला, परमपाल सुखीजा, अनिल चौहान, मनोज आर्य, संजय उपाध्याय, राजीव चावला, सुनील राणा, सुरेंद्र शर्मा, बबलू पाल,भरत शाह, मुकेश गुप्ता, जगदीश चंद्र, प्रमोद धींगरा समेत तमाम पत्रकारों व विभिन्न संगठनों के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रक्तदाता राजीव गुप्ता का निधन,शोक की लहर

सितारगंज। क्षेत्र के रक्तदाता एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव गुप्ता का सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। धार्मिक सामाजिक राजनीतिक लोगों ने उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की राजीव गुप्ता ने संपूर्ण जीवन लोगों की सहायता में व्यतीत किया है। इस वजह से लोगों ने उन्हें सितारगंज स्तर पर जीवन रक्षक की उपाधि भी दी। सोमवार की तड़के ग्राम तुर्कातीसौर निकट गौशाला निवासी राजीव गुप्ता का निधन हो गया। राजीव गुप्ता वर्तमान में व्यापार मंडल के अध्यक्ष थे। उन्होंने स्वास्थ्य खराब होने के कारण कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया हैं। इसके अलावा राजीव गुप्ता रक्तदान के लिए सितारगंज के जीवन रक्षक माने जाते थे। उन्होंने 26 वर्षों तक हजारों जरूरतमंदों को रक्त देकर उनका जीवन बचाया है। सितारगंज क्षेत्र में ही उन्होंने सबसे पहले रक्तदान शिविर की शुरुआत की। राजीव गुप्ता सितारगंज के



अधिकांश लोगों का ब्लड ग्रुप भी जानते थे। जरूरत होने पर वह बीमारी, एक्सीडेंट आदि में मरीजों को दूर दराज क्षेत्रों में भी पहुंचकर रक्त दान करते थे। उनकी इस उपलब्धि के कारण हर वर्ग में उनका मान सम्मान था। राजीव गुप्ता के निधन पर हर वर्ग में शोक संवेदना है। उनके निधन के बाद कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, ब्लॉक प्रमुख उपकार बल, पूर्व ब्लाक प्रमुख पलविंदर सिंह औलख, चेयरमैन सुखदेव सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी, संदीप बिष्ट, संजय गोयल, सभासद पंकज गहतोड़ी, भारतीय जनता पार्टी पंजाबी महासभा, अग्रवाल महासभा, देवभूमि व्यापार मंडल, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल,भारत विकास परिषद राइस मिल एसोसिएशन, किराना एसोसियेशन के पदाधिकारी, सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देशभर से आए 78 पायलटों ने आसमान में उड़ान भरकर दिखाए हैरतअंगेज करतब

## कपकोट में राष्ट्रीय एक्यूरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



कपकोट (उद संवाददाता)। बागेश्वर के कपकोट में आयोजित राष्ट्रीय एक्यूरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में विभिन्न प्रांतों के पायलटों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। हवा में करतब दिखा रहे प्रतिभागियों को देख स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी उत्साह नजर आया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी रहा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सटीक लैंडिंग और उत्कृष्ट उड़ान कौशल का परिचय दिया। जालेख से उड़ान भरने वाले पैराग्लाइडरों की रंग-बिरंगी छतरियों से कपकोट का आसमान सजा नजर आया, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस आयोजन के माध्यम से कपकोट क्षेत्र एडवेंचर टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों से क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण सत्र और सुरक्षा संबंधी विशेष मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया, जिससे आयोजन का स्तर और अधिक पेशेवर रहा। इस प्रतियोगिता में कुल 92 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 78 पायलटों ने प्रतिभाग किया और 55 पायलटों ने चारों राउंड सफलतापूर्वक पूरे किए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, पर्यटन विभाग और आयोजन समिति की सराहनीय भूमिका रही। अब अगले दिन फ्री फ्लाइंग के साथ ही विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

# पर्यटन नगरी कौसानी में उमड़ रहे है देशी-विदेशी पर्यटक

कौसानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रमुख विश्राम स्थल और मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विख्यात कौसानी में इन दिनों पर्यटकों की चहल-पहल बढ़ने लगी है। यहां अनाशक्ति आश्रम पहुंचकर पर्यटक हिमालय की सुरम्य वादियों का आनंद ले रहे हैं। साफ मौसम के बीच जिला पंचायत गेस्ट हाउस में लगे दूरबीन से पर्यटक हिमालय की चोटियों का नजारा देख रहे हैं। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के 14 सदस्यीय दल ने कौसानी पहुंचकर यहां की प्राकृतिक छटा का लुत्फ उठाया। ड्राइवर इंडिया प्राइवेट टूर सर्विस द्वारा इन पर्यटकों को क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। पर्यटकों के गाइड पवन शर्मा ने बताया कि शहरों की भीड़भाड़ और शोर-शराबे से दूर यहां पहुंचकर सभी को मानसिक शांति मिल रही है। पर्यटकों ने कौसानी की शुद्ध वायु और शांत वातावरण की सराहना करते हुए इसे एक अद्भुत अनुभव बताया। विदेशी मेहमानों ने स्थानीय होटलों की सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की और दोबारा कौसानी आने की इच्छा जताई।



# अर्चित लोहुमी ने लगातार तीसरी बार यूजीसी नेट परीक्षा में लहराया परचम

बागेश्वर (उद संवाददाता)। गरुड़ के भेंटा गांव के मूल निवासी और वर्तमान में बागेश्वर निवासी अर्चित लोहुमी ने अपनी लगन और कठिन मेहनत से अंग्रेजी विषय में लगातार तीसरी बार यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अर्चित लोहुमी ने 99.85 पर्सेंटाइल स्कोर के साथ यह परीक्षा पास की है और उन्हें जूनियर रिसर्च फैलोशिप भी प्राप्त हुई है। अर्चित ने हिमालयन सेंट्रल स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद महर्षि विद्या मंदिर बिलौना से इंटरमीडिएट परीक्षा टॉप मेरिट के साथ उत्तीर्ण की थी। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी ऑनर्स में टॉपर रहने के पश्चात किरोड़ीमल कॉलेज से मास्टर डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में वे दिल्ली विश्वविद्यालय से शोध कर रहे हैं। अर्चित के पिता हेम चंद्र लोहुमी राजकीय शिक्षक हैं और माता प्रभा लोहुमी हिमालयन सेंट्रल स्कूल में प्रबंधन समिति की सदस्य हैं। अर्चित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, अपनी दादी, दिवंगत दादा और गुरुजनों को दिया है। अर्चित लोहुमी की इस उपलब्धि पर विधायक पार्वती दास, सुरेश गढ़िया, पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण, भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता नैना लोहुमी, जिला पंचायत सदस्य जनार्जन लोहुमी और परिवारजनों ने उन्हें बधाई दी है।



# माघ महोत्सव में ठुकराल सम्मानित

रूद्रपुर। हिमान्द्री जन सेवा समिति की ओर से आयोजित माघ महोत्सव में आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को मंच पर स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने महोत्सव के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने और आपसी भाईचारा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समिति के प्रयासों को सराहते हुए सभी को माघ महोत्सव की बधाई दी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कुन्दन सिंह राठौर, अध्यक्ष एडवोकेट आरएस रावत, महासचिव के एस भण्डारी, कोषाध्यक्ष जी एस रावत, डीडी जोशी, बीएन बेलवाल, दिलीप अधिकारी, भारत भूषण चुघ, हरीश पंत, सबहाहत हुसैन, रमन चौधरी, मोहित पंत, गौतम भट्ट, काबल सिंह, अंकित चन्द्रा, इन्द्रजीत सिंह बिट्टा, शुभम दास, ललित बिष्ट, जे एल चौधरी, भास्कर पोखरियाल, ललित राठौर, संजय आर्या और सुबीर आदि मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**हिमालय के विकास मे...**के लिए 'इकोलॉजी' (पर्यावरण) और 'इकोनॉमी' (अर्थव्यवस्था) के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हिमालयी राज्यों में विकास कार्यों की चुनौतियां अलग हैं, इसलिए हम पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखते हुए आर्थिक प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में शोध कार्यों को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि स्थानीय संसाधनों और आधुनिक तकनीक के संगम से उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि डॉ. नित्यानंद जी ने हिमालयी संस्कृति के संरक्षण और विकास का जो सपना देखा था, उसे पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सरकार उनके शोध और विचारों को प्रदेश की नीतियों में शामिल करने का प्रयास कर रही है। इस गरिमामय कार्यक्रम के दौरान डॉ. दिनेश, रवि देव, डॉ. संदीप, प्रेम बड़ाकोटी, विधायक विनोद चमोली, डॉ. शैलेन्द्र, चन्द्रशेखर, जगदीश, धनंजय, शिवेन्द्र, नीरज, आनन्द सिंह चौहान, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, लाखी राम जोशी, विनोद उनियाल, मधुर चौहान, प्रेम चन्द्र शर्मा, कल्याण सिंह रावत सहित शिक्षा जगत के विशेषज्ञ, शोधार्थी और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**नौ नामी स्कूलों को** ..दिल्ली पुलिस को सूचित किया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और बम निरोधक दस्ते (बम स्क्वॉड) की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्कूल परिसरों की सघन तलाशी शुरू की गई।धमकी को गंभीरता से लेते हुए कई स्कूलों ने त्वरित कदम उठाए और छात्रों को कक्षाओं से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया। कुछ स्कूलों में एहतियातन छुट्टी घोषित कर दी गई और अभिभावकों को संदेश भेजकर बच्चों को घर ले जाने की सूचना दी गई। जिन स्कूलों को निशाना बनाने की धमकी दी गई, उनमें दिल्ली कैंट का लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल, दक्षिणी दिल्ली का कैंब्रिज स्कूल, द इंडियन स्कूल, रोहिणी का वेंकेटेश्वर स्कूल, सीएम स्कूल, बाल भारती स्कूल, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी का कैंब्रिज स्कूल, आईएनए स्थित डीटीए स्कूल और पूर्वी दिल्ली का एहल्कॉन पब्लिक स्कूल शामिल हैं।प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने बताया कि अब तक किसी भी स्कूल परिसर से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ है। हालांकि, पुलिस इस ईमेल को महज फर्जी (होक्स) मानकर ढिलाई नहीं बरत रही है और हर संभावित एंगल से मामले की गहराई से जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस की साइबर यूनिट और टेक्निकल टीमें ईमेल के सोर्स और भेजने वाले का पता लगाने में जुट गई हैं।गौरतलब है कि पूर्व में भी दिल्ली और अन्य महानगरों के स्कूलों और सरकारी इमारतों को इस तरह की फर्जी धमकियां मिल चुकी हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य जनता में दहशत फैलाना होता है। दिल्ली पुलिस ने अभिभावकों और आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांत रहें। फिलहाल सभी प्रभावित स्कूलों में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है।

**अलग अलग सड़क हादसों में ...**मौत की भेंट चढ़ गया। फिलहाल दर्दनाक हादसे की सूचना पुलिस व प्रशासन को मिलने पर मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम के अलावा ट्रैफिक व पुलिस के तमाम अफसर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। दमकल की टीम के अथक प्रयासों से काफी देर के बाद आग की लपटों पर काबू पाया जा सका लेकिन इतनी देर में डंपर जलकर स्वाहा हो चुका था। मृतक के चार पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। एक पुत्र अविवाहित है बाकी सब की शादी हो चुकी है। इसी तरह कुंडेश्वरी क्षेत्र में देर रात लगभग 10:30 बजे खेती किसानी से जुड़े एक बाइक सवार युवक को डंपर के चालक ने बुरी तरह रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ब्रह्म नगर ढकिया कुंडेश्वरी निवासी अनिल कुमार 27 वर्ष पुत्र करन पाल सिंह तीन भाई व एक बहन में तीसरे नंबर का है। बताया गया कि बीती रात्रि लगभग 10:30 बजे वह गन्ना मील से ट्रैक्टर ट्राली अनलोड कर बाइक से वापस घर लौट रहा था बाइक इसी दौरान ब्रह्म नगर पुलिया के समीप खनन से ओवरलोड डंपर के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चालक को चपेट में लेकर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक अविवाहित है। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया।वहीं आईटीआई थाना क्षेत्र में बाजपुर रोड स्थित गलवालिया इस्पात के समीप रात्रि लगभग 9:15 बजे दुकान पर काम करने वाले एक अधेड़ उम्र व्यक्ति को अनियंत्रित डंपर के चालक ने टक्कर मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश तथा हाल कुंडेश्वरा काशीपुर निवासी कृष्णकांत कपिल 45 वर्ष पुत्र तुलसीराम सक्सेना पिछले कुछ समय से परिवार के साथ कुंडेश्वरा क्षेत्र में किराए का मकान लेकर भोजपुर उत्तर प्रदेश में एक दुकान पर काम किया करते थे। छुट्टी में कभी-कभी उनका घर आना होता था। पता चला है कि बीती रात्रि लगभग 9:15 बजे वह दुकान से घर लौट रहे थे। बाजपुर रोड पर गलवालिया इस्पात के समीप एक फास्ट फूड के ठेले पर वह बच्चों के लिए कुछ खाने का सामान खरीद रहे थे इसी दौरान अनियंत्रित डंपर के अज्ञात चालक ने अधेड़ उम्र व्यक्ति को तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक के तीन पुत्रियां हैं। घटना के बाद से पत्नी तथा बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। अंत्य परीक्षण के उपरांत मृतक किशोर को पुलिस द्वारा परिजनों की सुपुर्द कर दिया गया।

**पटना सिविल कोर्ट...**सील कर दिया गया है और किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता (बम स्क्वॉड) और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंच गईं और पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया।प्रशासनिक सूत्रों के हवाले से बड़ी जानकारी सामने आई है कि ईमेल भेजने वाले ने अपना नाम अरुण कुमार बताया है और खुद को प्रतिबंधित संगठन एलटीटीई का सदस्य होने का दावा किया है। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियां प्रथम दृष्टया इस दावे की सत्यता पर संदेह जता रही हैं, लेकिन खतरे को देखते हुए इसे पूरी तरह गंभीरता से लिया जा रहा है। एहतियात के तौर पर पटना सिटी व्यवहार न्यायालय परिसर को भी खाली कराकर वहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब पटना सिविल कोर्ट को इस तरह की धमकी मिली हो; पूर्व में भी ईमेल के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश की जा चुकी है, जो बाद में महज अफवाह साबित हुई थी। फिलहाल, पुलिस की साइबर सेल ईमेल के तकनीकी पहलुओं, भेजने वाले की लोकेशन और उसकी मंशा की जांच कर रही है। धमकी के कारण कोर्ट की न्यायिक कार्यवाही पूरी तरह बाधित रही। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा जांच पूरी होने और स्थिति सामान्य पाए जाने के बाद ही कोर्ट की कार्यवाही पुन: शुरू करने पर निर्णय लिया जाएगा।

**प्लाट देने के नाम पर...**अनहोनी की आशंका को लेकर भय एवं दहशत के साए में जीवन जीने को विवश है। उसने कहा कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो सुखवंत की भांति वह भी आत्महत्या कर लेगा। बताया जाता है कि प्लॉट के नाम पर ठगी के शिकार हारून द्वारा लगभग पखवाड़े भर पूर्व शिकायती पत्र प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, व कुमाऊं आयुक्त को जरिए डाक प्रेषित किए जाने के बावजूद स्थानीय पुलिस द्वारा मामले का संज्ञान नहीं लिया गया। दायित्वों में बेपरवाही का यह भी एक जीता जागता उदाहरण है। यहां बता दे कि अकेले काशीपुर में संपत्ति विवाद के दर्जनों ऐसे मामले अभी और हैं जो कतिपय कारणों वश प्रकाश में नहीं आ सके हैं। लोगों ने धीरे-धीरे माफियाओं के खिलाफ हिम्मत जुटाना शुरू कर दिया है।

**मोहम्मद दीपक को ...**में दीपक ने कहा है कि वीडियो के जरिए उन्हें सरेआम जान से मारने की धमकी दी गई है, जिससे न केवल उनकी बल्कि उनके परिवार की सुरक्षा को भी गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में त्वरित कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। इस पूरे प्रकरण पर कोटद्वार कोतवाली प्रभारी प्रदीप नेगी ने बताया कि मोहम्मद दीपक की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। हालांकि, अभी तक इस मामले में औपचारिक रूप से मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर गहनता से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वीडियो बनाने वाला युवक कौन है और वह कहां का रहने वाला है। जांच के बाद दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि 26 जनवरी को दुकान के नामकरण को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ा था, जिसके बाद से ही मोहम्मद दीपक लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं।

**नानकमत्ता में प्रथम...**साथ ही उन्होंने नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने पर भी जोर दिया, ताकि आम जनता को आवाजाही में किसी प्रकार की असुविधा न हो। महिला कोतवाल ने क्षेत्र की जनता से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नशा बेचने वालों के संबंध में पुलिस को निसंकोच सूचना दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोतवाली में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को पूरी गंभीरता और प्राथमिकता के साथ सुना जाएगा। विशेष रूप से महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्र की महिलाएं स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने कोतवाली परिसर का भ्रमण किया और वहां स्थित बैरक व पुलिस कर्मियों के लिए निर्माणाधीन आवासों का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**बुलेट कीटक्कर से ...** टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों छिटक कर काफी दूर जा गिरे और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता राकेश गुप्ता ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना और मृतक के परिजनों को इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी। मृतक गणेश गुप्ता विवाहित थे और अपने पीछे तीन पुत्रियों व एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

**एसडीएम कोर्ट में ...**देखते हुए जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि हल्द्वानी में जल्द ही नए उपजिलाधिकारी की नियुक्ति कर दी जाएगी, ताकि कोर्ट का कामकाज सुचारू रूप से संचालित हो सके। आश्वासन मिलने के बाद जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को चेताया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2016 में बीटैक की परीक्षा उत्तीर्ण की। बीटेक प्रथम वर्ष (सेमेस्टर 1व 2) की अंकतालिका रोल नम्बर 1242240019 वास्तव में कहीं गुम हो गई है। जिसका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

दीपक कुमार पुत्र श्री हरी शंकर निवासी-ग्राम डूंगरपुर,थाना व पोस्ट-शेरगढ़, तहसील बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश, हाल निवासी -आनन्द रेजीडेन्सी निकट दक्ष चौक, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राज्य निर्माण के ढाई दशक बाद भी 'कंधे पर स्वास्थ्य सेवाएं'

## जन-जन तक एयर एम्बुलेंस पहुंच के दावों के बीच डोली के सहारे मुख्य मार्ग तक पहुंचाए गए सेवानिवृत्त कैप्टन,दस साल में नहीं बन पाई पांच किलोमीटर सड़क

-अर्श-

बागेश्वर। उत्तराखंड राज्य को अस्तित्व में आए ढाई दशक से अधिक का समय हो चुका है ,लेकिन राज्य के प्रदेश के सुदूर पहाड़ी इलाकों के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के मोहताज हैं। हालांकि सरकार सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी चीजों को हर गांव तक पहुंचाने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत ठीक उलट हैं। लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत चुनाव के समय ग्रामीण लोगों से वोट पाने के लिए दावे तो बड़े-बड़े किए जाते हैं मगर चुनाव निकलते ही जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण इलाकों की बुनियादी समस्याएं भुला दी जाती है। लिहाजा, राज्य निर्माण के ढाई दशक बाद भी उत्तराखंड के कई गांवों में सड़क तक नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में प्रदेश के सुदूर इलाकों में सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं अक्सर ही कंधे पर नजर आती हैं । बीते रोज प्रदेश के बागेश्वर जिले के हिरमोली गांव में एक बार फिर सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं शर्मिंदा हुई है जहां सड़क की व्यवस्था न होने के कारण गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई और मरीज को डोली पर लाद कर मुख्य मार्ग तक ले जाया गया। ज्ञात हो कि बागेश्वर जिले के दूरस्थ हिरमोली गांव में वर्तमान में लगभग एक दर्जन परिवार निवास करते हैं, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं का पूरी तरह टोटा है और बीमार पड़ने पर



मरीजों को आज भी डोली से रोड तक पहुंचाना पड़ता है। हिरमोली के ग्रामीणों के अनुसार ने हल्द्वानी से गांव लौटे सेवानिवृत्त कैप्टन को अचानक तेज बुखार की शिकायत हुई। रात में तबीयत अधिक बिगड़ने पर परिजन चाहकर भी उन्हें अस्पताल नहीं ले जा सके क्योंकि मुख्य सड़क मार्ग गांव से काफी दूर है और सड़क मार्ग तक पहुंचने का कच्चा रास्ता बेहद दुर्गम है।गांव में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा ना होने के कारण आपातकालीन सेवा 108 से भी संपर्क नहीं हो पाया। सुबह गांव के ग्रामीण पूरन चंद्र जोशी, बसंत वल्लभ, प्रकाश चंद, हीरा सिंह, ललित सिंह और लाल सिंह सामुहिक रूप से डोली से साढे तीन किमी की दुर्गम चढ़ाई-ढलान और खतरनाक गदेरे को पार कर ग्रामीण किसी तरह उन्हें सड़क तक लाए, जहां से निजी वाहन से बागेश्वर जिला पहुंचाया गया। ग्रामीण हरगोविंद जोशी ने बताया कि कौलाग, गाजली और तुपेड़ मोटरमार्ग की मांग वर्षों से की जा रही है। उनके अनुसार कांग्रेस सरकार के समय इस सड़क की स्वीकृति की बात हुई थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही योजना फाइलों में दबकर रह गई। उधर मामले के सुर्खियां बटोरते ही लोक निर्माण विभाग कपकोट के ईई अमित कुमार पटेल की सड़क ना बनने के संबंध में सफाई भी सामने आई है उनके अनुसार करूली बैंड से गांजली सड़क का 10 में से पांच किलोमीटर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, शेष पांच किलोमीटर हिस्से के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# ठुकराल और मीना के विवाद में बेहड़ की एंट्री से गरमाई सियासत

## विधायक बेहड़ ने मीना शर्मा से की मुलाकात, पार्टी के भीतर विरोध के स्वर हुए तेज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के बीच जारी विवाद के बीच अब विधायक तिलकराज बेहड़ की एंट्री से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। रविवार को विधायक बेहड़ ने मीना शर्मा और उनके पति अनिल शर्मा के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की तस्वीरें वायरल होने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों के बीच मौजूदा विवाद को लेकर चर्चा हुई है। गौरतलब है कि दो बार भाजपा विधायक रह चुके राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में शामिल होकर 2027 का



चुनाव लड़ने की चर्चाएं जोरों पर हैं। 2022 के चुनाव में भाजपा से टिकट कटने के बाद ठुकराल निर्दलीय चुनाव लड़े थे, जिसमें उन्हें 17 हजार वोट मिले थे। ठुकराल की कांग्रेस में संभावित राह रोकने के लिए पार्टी का एक गुट पूरी तरह सक्रिय हो गया है। रविवार रात एक कांग्रेस नेता के घर पुराने कांग्रेसियों की बैठक हुई, जिसमें किसी बाहरी व्यक्ति के शामिल होने पर सामूहिक इस्तीफे तक की बात चर्चा में रही। इस संबंध में विधायक तिलकराज बेहड़ का कहना है कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी और मीना शर्मा कांग्रेस की सक्रिय नेता हैं, इसलिए उनका हालचाल जानने गए थे। उन्होंने ठुकराल के विषय पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर मीना शर्मा ने कहा कि विधायक ने उनके साथ खड़े होने की बात कही है और उन्होंने ठुकराल का विषय भी उनके समक्ष प्रमुखता से रखा है।

# एसएसपी ने किए निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तबादले

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में तत्काल प्रभाव से फेरबदल किया है। जारी आदेश के अनुसार पुलिस कार्यालय रुद्रपुर में तैनात निरीक्षक विक्रम राठौर को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुण्डा नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रभारी महिला हेल्पलाइन रुद्रपुर की जिम्मेदारी संभाल रहीं निरीक्षक मंजू पाण्डेय को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानकमत्ता बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, अब तक थानाध्यक्ष नानकमत्ता के पद पर तैनात उपनिरीक्षक उमेश कुमार को प्रभारी एसओजी ऊधमसिंहनगर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को तत्काल अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।








# संगीता में फोन करुंलो,ओ रंगीली धाना हौसिया पराना

## माघ महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मचाई धूम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।हिमाद्रि जनसेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित माघ महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने धूम मचाकर दर्शकों का मन मोह लिया। रविवार को काशीपुर मार्ग स्थित सामिया लेक सिटी प्रागंण में द्वितीय माघ महोत्सव का बतौर मुख्य अतिथि काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा,पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री व सांसद अजय भट्ट, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा विधायक शिव अरोरा व महापौर विकास शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। हिमाद्रि जनसेवा समिति के संयोजक प्रो. कुंदन राठौर ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति और संस्कारों के संवर्धन के मूल उद्देश्य के निमित्त उनकी समिति माघ महोत्सव का आयोजन करती है।मुख्य अतिथि काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने के लिये सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे।बहुगुणा ने हिमाद्रि जनसेवा समिति के सफल माघ महोत्सव के लिये सराहना की।सांसद अजय भट्ट ने युवाओं से अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का आह्वाहन किया।विख्यात लोक गायक जितेंद्र तोमक्याल ने संगीता में फोन करुंलो,ओ रंगीली धाना हौसिया पराना, हाथ पैरली घड़ी ला,सिलगाड़ी का पाल चला ओ साली, रुमाली का गांठा, पूरन दानू ने जय हो बद्रीनाथ,तेरि थमेली,बरेली का झुमका, स्टार कलाकार हेमा ध्यानी ने घास कटुलो इजू ऊंचा डेना गाकर दर्शकों को थिरकने के लिये विवश कर दिया। वहीं गंगा सिंह कोश्यारी ने कुमाउनी व गढ़वाली प्रस्तुतियों से वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन बीएन बेलवाल ने किया। इस दौरान बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य डी. के.शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ( रि0 ) आर. पी. शर्मा, दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, दीपक गुलाटी, रीना गौतम, ज्योति ग्रोवर, सुरेश परिहार, सोनी कोली, मीना शर्मा, रामपाल सिंह,भोपाल सिंह मेहरा, गुंजन सुखीजा, भारत भूषण चुग, उपेंद्र चौधरी, शाबाहत हुसैन खान, प्रो. डीडी जोशी, डीके शर्मा, संजीव फोगाट, दिवाकर पांडे, एम.पी. तिवारी, आर पी सिंह, डॉ अमिता उप्रेती, सी एम ओ डॉ. के. के. अग्रवाल, डॉक्टर के. सी. चंदोला, कमलेंद सेमवाल, संदीप चीमा, अमित नारंग, डॉ. भरत सिंह रावत, विराट आर्य, सतपाल सिंह रावत, नरेश जांगड़ा उपस्थित थे। देर शाम तक चले माघ महोत्सव में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर प्रोफेसर कुंदन सिंह राठौड़, अध्यक्ष एडवोकेट आर एस रावत, महासचिव कुंदन भंडारी एवं समिति के सभी पदाधिकारियो व सदस्यों ने आभार जताया।





